Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) Fax, +917732-252120
E-mail: fdptr82@gmail.com Website: www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

पन्ना टाइगर रिजर्व के चन्द्रनगर परिक्षेत्र के भुसौर वैरियर पर मरे हुए जंगली सुअर के साथ टाटा 407 की जप्ती एवं पन्ना बफर परिक्षेत्र में नर नीलगाय का शिकार।

दिनांक 06.12.2013 को पन्ना टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र चन्द्रनगर, जिला छतरपुर में स्थित भुसौर वैरियर पर शाम 6.30 बजे की गई वाहन चेकिंग में राम रतन गुप्ता वल्द गिरजा शंकर गुप्ता निवासी पलकोहा के टाटा 407 वाहन क्रमांक सी.टी.व्ही. 8186 में सरसों के बोरों के नीचे एक मरा हुआ जंगली सुअर को दबा कर ले जाने का प्रकरण सामने आया। मौके पर राम रतन गुप्ता का एक साथी फरार हो गया। परन्तु वहां राम रतन गुप्ता व वाहन को मौके पर जप्त कर पी.ओ.आर. क्रमांक 545/06 दिनांक 06.12.2013 के तहत वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 एवं भारतीय वन अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना जारी है।

एक और दूसरे प्रकरण में पन्ना टाइगर रिजर्व के पन्ना बफर परिक्षेत्र के बीट बांधी दक्षिण, कक्ष क्रमांक 407 में ग्राम मडैयन के पास दिनांक 5.12.2013 को एक मृत नर नीलगाय पाया गया है। जिसकी दिनांक 6.12.2013 को किये गये पोस्ट मार्टम में यह स्पष्ट हुआ है कि 12 बोर बन्दूक से इसे मारा गया है। पोस्ट मार्टम में बन्दूक की गोली भी बरामद की गई है। प्रकरण में पी.ओ.आर. क्रमांक 1698/06 दिनांक 5.12.2013 के तहत प्रकरण दर्ज किया जा कर शिकार करने वालों की खोजबीन जारी है।

दिनांक – 07.12.2013

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना